>

Title: Need to re-open Dayalpur railway station in Uttar Pradesh.

श्री कपिल मुनि करवारिया (फूलपुर): दयालपुर रेलवे स्टेशन उत्तर प्रदेश का इलाहाबाद शहर से चालीस किलोमीटर दूर का स्टेशन है जहाँ से प्रतिदिन सैंकड़ों अधिवक्ता, छात्र, व्यापारी व कर्मचारी तथा बुनकर व्यवसायी कार्य के सिलसिले में इलाहाबाद आते जाते है। दयालपुर व धीरगंज हाल्ट स्टेशनों को वाणिज्यिक आधार पर वर्ष 2006 में बन्द कर दिया गया था। दयालपुर व इसके आस-पास के क्षेत्रों में बुनकरी का व्यवसाय भारी मात्रा में होत है। लोगों को इलाहाबाद शहर से कच्चा माल लाने हेतु आने-जाने में बहुत परेशानी होती है तथा समय व श्रम का भी नुकसान होता है। दयालपुर के साथ ही धीरगंज हाल्ट स्टेशन को भी बंद कर दिया गया था जिसे पुनः बहाल कर दिया गया है परंतु दयालपुर हाल्ट स्टेशन को अभी तक बहाल नहीं किया गया है।

सरकार से अनुरोध है कि जनहित को देखते हुए दयालपुर हाल्ट स्टेशन को पुनः बहाल कराकर चालू करायें जिससे बुनकर व्यवसायिओं को कच्चा माल लाने ले जाने व छात्रों, अधिवक्ताओं आदि को इलाहाबाद शहर आने जाने में सुविधा हो सके।